NT>

14.33 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at thirty-three minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri P.H. Pandian *in the Chair*)

MR. CHAIRMAN : The House will now take up matters under rule 377.

Title: Need for construction of a bypass on National Highway at Modi Nagar in Ghaziabad District, Uttar Pradesh.

डॉ.रमेश चन्द तोमर (हापुड़) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में मोदीनगर एक औद्योगिक नगरी है। यह नैशनल हाइवे नं. 58 के दोनों तरफ बसा हुआ है। देश के विभिन्न भागों से व्यापारी, उद्योगपति व्यापार की दृटि से यहां आते हैं और नैशनल हाइवे होने के कारण भारी संख्या में ट्रैफिक मोदीनगर से होकर गुजरता है जिससे आए दिन वहां रास्ता जाम हो जाता है। कोई अप्रिय घटना घटित हो जाए तो लोग धरना, प्रदर्शन करते हैं तथा सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। मोदीनगर के लोगों की बहुत दिनों से मांग चली आ रही है कि मोदीनगर में बाईपास बनना चाहिए, जिससे कि यातायात की समस्या का निदान हो सके। अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मोदीनगर में नैशनल हाईवे पर तुरन्त बाईपास बनाने की व्यवस्था करें।